Ans. (c) : राजस्थान में मावठ वर्षा से रबी सीजन की फसलों को लाभ प्राप्त होता है। जबकि मूंगफली खरीफ सीजन में उगाई जाने वाली फसल है। इसलिए इसे मावठ वर्षा का लाभ प्राप्त नहीं होता है।

1492. राजस्थान की निम्न में से कौन सी फसल 'मावठ' से लाभान्वित नहीं होती है?

(a) गेहूँ (b) चना
(c) सरसों (d) कपास

RPSC-2020

Ans. (d) : राजस्थान में शीत ऋतु में होने वाली भूमध्यसागरीय चक्रवाती वर्षा को मावठ कहा जाता है। इस वर्षा से रबी की फसल सरसो, चना और गेहूँ का काफी लाभ पहुँचता है। इस वर्षा से 'कपास' की फसल को लाभ नहीं पहुँचता।

1493.राजस्थान के राज्य आय में औद्योगिक उद्‌भव (प्रचलित कीमतों पर) के आधार पर 1989-90 में कृषि का हिस्सा कितना था?

(a) 40.08% (b) 52.6%
(c) 56.4% (d) 61.5%

उत्तर - (a) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या - कृषि राजस्थान की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं। यहाँ की 75% जनसंख्या कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर है। प्रश्न काल के दौरान राज्य में कृषि तथा इससे संलग्न क्षेत्रों से प्राप्त आय राज्य में औद्योगिक उद्‌भव के आधार पर कुल 40.08 प्रतिशत था। जबकि राज्य की सम्पूर्ण आय में कृषि का हिस्सा 52% था। राज्य सकल घरेलू उत्पाद में आर्थिक समीक्षा 2020-21 के अनुसार कृषि क्षेत्र का योगदान 29.45% उद्योग का 28.15% एवं सेवा क्षेत्र का 42.40% रहा है।

1494. सर्वाधिक मात्रा में शुष्क-कृषि उत्यन्तता (तीव्रता) वाले जिले हैं–

(a) जैसलमेर, बाड़मेर (b) डूंगरपुर, बांसवाड़ा
(c) बांसवाड़ा, गंगानगर (d) अजमेर, पाली

उत्तर–(a) **RPSC RAS/RTS-1993**

व्याख्या–राजस्थान के जैसलमेर और बाड़मेर जिले रेगिस्तानी इलाकों में है। यहाँ राजस्थान की न्यूनतम वर्षा होती है। अतः यहाँ कटीले झाड़ीदार पौधे पाए जाते हैं। इन जिलों की कृषि शुष्क कृषि की श्रेणी में आती है।

1495.कथन (A) : राजस्थान के पश्चिमी मरुस्थली जिलों में आजकल भरपूर खाद्यान्न फसलें उत्पन्न होती हैं।

कारण (R) : इन्दिरा गाँधी नहर ने जैसलमेर एंव बाड़मेर जिलों में सिंचाई सुविधाएँ प्रदान कर दी हैं।

सही विकल्प का चयन दीजिए–

कूटः

(a) कथन सही है, और कारण भी सही है
(b) कथन गलत है, और कारण भी गलत है
(c) कथन सही है, परन्तु कारण सही है
(d) कारण सही है परन्तु कथन गलत है

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1944-95

व्याख्या–नहरें सिंचाई का उत्तम साधन हैं। इनके द्वारा शुष्क बंजर भूमि हरे-भरे खेतों में परिणत होती है। इंदिरा गांधी नहर राजस्थान के लिए वरदान सिद्ध हुई है। यह नहर पंजाब से सतलज नदी पर 'हरिके बांध' बनाकर निकाली गयी है। यह नहर पंजाब और राजस्थान दोनों राज्यों को जल प्रदान करती है। पंजाब में नहर की लम्बाई 132 किमी0 तथा राजस्थान में मुख्य नहर की लम्बाई 649 किमी0है। राजस्थान में इस नहर द्वारा बीकानेर, जैलसमेर, बाड़मेर तथा श्रीगंगानगर जिलों की लगभग 6.5 लाख हेक्टेयर भूमि को लाभ होता है।

1496.राजस्थान का वह जिला जो अब इसबगोल, जीरा व टमाटर की उपज के लिए प्रसिद्ध है –

(a) श्रीगंगानगर (b) बूंदी
(c) जालौर (d) कोटा

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या–राजस्थान का जालौर जनपद इसबगोल, टमाटर एवं जीरा की उपज के लिए प्रसिद्ध है। इसबगोल का विदेश में भी निर्यात होता है।

1497.निम्नलिखित में से किसका निर्यात राजस्थान से नहीं किया जाता है?

(a) जवाहिरात (b) सीमेन्ट
(c) मार्बल (d) खाद्यान्न

उत्तर : (d)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या : राजस्थान का अधिकांश भाग रेगिस्तानी होने के कारण खाद्यान्न उत्पादन अत्यंत कम हो पाता है। यहां संगमरमर अधिक मात्रा में मिलता है। यहां के मकराना खान से निकले संगमरमर से ही ताजमहल का निर्माण हुआ है।

1498.देश में राजस्थान किसका एकमात्र सबसे बड़ा उत्पादक है?

(a) जौ (जव) (b) मकई
(c) चना (d) बाजरा

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — बाजरा राजस्थान की सबसे प्रमुख फसल है। बाजरा उत्पादन में राजस्थान सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है।

1499.निम्न में से राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक गेहूँ पैदा होता है?

(a) उदयपुर (b) जैसलमेर
(c) श्रीगंगानगर (d) जोधपुर

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — राजस्थान में गेहूँ के उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र पूर्वी तथा दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र है जहाँ गेहूँ राज्य के कुल गेहूँ क्षेत्रफल के 68.75 प्रतिशत भाग पर बोया जाता है। राज्य के पूर्वी जिले जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर लगभग 30 प्रतिशत गेहूँ का उत्पादन करते है। दूसरा गेहूँ उत्पादन क्षेत्र श्रीगंगानगर में केन्द्रित है क्योंकि यहाँ श्रीगंगानगर नहर एवं इंदिरा गाँधी नहर द्वारा सिंचाई की सुविधा प्राप्त है।

1500. कौन-सा जोड़ा गलत है?

(1) घग्घर - नाली (2) सेवण घास - अलवर
(3) संगमरमर - नागौर (4) मलवा बाड़ - बाड़मेर

उत्तर–(2)

RPSC RAS/RTS 2006-07